## सार-समाचार

### आयुषी का किया अभिनंदन

**चूरू।** स्थानीय तेरापंथ भवन में अहमदाबाद में आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में हुये तेरापंथ कन्या मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन आस्था में राष्ट्रीय स्तर पर 6 पुरस्कार प्राप्त कर चूरू का मान बढ़ाने वाली कन्या मंडल चूरू की संयोजिका आयुषी कोठारी का रविवार को साध्वी मंगलप्रभा के सान्निध्य में भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने प्रषस्ति-पत्र व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर आयुषी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर साध्वी मंगलप्रभा ने कहा कि आयुषी ने राष्ट्रीय स्तर पर 6 बार सम्मानित होकर न सिर्फ अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे चूरू जिले को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि कन्या मंडल के अधिवेशन में सबसे ज्यादा पुरस्कार चूरू को प्राप्त हुए हैं। यह चूरू के लिए सौभाग्य का विषय है। इस अवसर पर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष छतरसिंह डागा, कन्या मंडल प्रभारी उर्मिला बांठिया, प्रेक्षा वाहिनी संयोजिका मुन्नी देवी डागा ने आयुषी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी

**तारानगर।** तारानगर के जाट विकास संस्थान में पांच राज्यों के पूर्व राज्यपाल लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सदस्य रहे किसानों के हितेषी व बेबाक रूप से आवाज बुलंद करने वाले सत्यपाल सिंह मलिक को सर्व समाज ने श्रद्धान्जलि दी, दो मिनट का मौनव्रत रखा। जाट महासभा के अध्यक्ष हरीसिंह बेनीवाल, तिलोकाराम कस्वां, निर्मल प्रजापत, पृथ्वीराज बेनीवाल ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि मलिक साहब ने राज्यपाल रहते किसान आंदोलन का समर्थन किया तथा जीवन के अंतिम क्षणों में ट्वीट कर बताया कि राज्यपाल रहते 3 सौ करोड़ का ऑफर दिया पर मलिक चौधरी चरणसिंह के अनुयाई थे इसके चलते उन्होंने ऐसे ऑफर को भी ठुकराने का काम किया इसी द्वेषता के चलते सरकार ने राज्यपाल का प्रोटोकॉल नहीं देकर किसान कौम का अपमान करने का काम किया जिसे किसान कौम आने वाले समय में भूलेगा नहीं इस अवसर पर कर्नल रामकुमार कस्वां, गोपीराम भांभू, कैप्टेन मदन कालेर, जीताराम जांदू, रामकिशन कुलड़िया, रमेश कस्वां, राजेन्द्र भाकर, मंगल महला, जगदीश कस्वां, भगत भाकर, विजय बेनिवाल, महासिंह कस्वां, बलबीर मुहाल, चंदन डोटासरा, ऊमराव सहारण, प्रताप मेघवाल, कृष्ण कस्वां, प्रेम कुलड़िया, जीतू तेतरवाल, शिशपाल धिंधवाल, देवकरण कस्वां, सूबे.भोजराज महला, रामजीलाल कुलड़िया, अविनाश गोदारा, शिवपाल फगेड़िया, अनिल कस्वां, रामस्वरूप झाझड़िया, बजरंग सिहाग, हेमराज मोठसरा सहित काफ़ी लोग उपस्थित रहे।

### 'विभाजन विभीषिका' को लेकर संगोष्ठी

**सादुलपुर,।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सादुलपुर मंडल में आयोजित 'विभाजन विभीषिका' को लेकर संगोष्ठी का आयोजन गोपाल शर्मा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सादुलपुर के सानिध्य में रविवार को सम्पन्न हुई। शाम सात बजे दी जानकारी में गोपाल शर्मा भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि इस दौरान 14 अगस्त सुबह ०9 बजे शीतला बाजर से शहीद स्मारक तक 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर सादुलपुर में आयोजित होने वाली विशाल तिरंगा यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया गया। तथा इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओ से पहुंचने का आहवान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मंडल संयोजक रामावतार बैरासरिया, कार्यक्रम मुख्य वक्ता प्रो. दिलीप पूनिया, भाजपा नेता जोगेंद्र झाझडिया, जिलामंत्री कृष्ण भाकर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष बाबु बिसायती, भाजपा जिला प्रवक्ता विमल पूनिया, भाजपा जिला प्रवक्ता अजय अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सांवरमल स्वामी, भाजपा के वरिष्ठ नेता संत कुमार सरावगी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीलम पूनिया, भाजपा युवा नेता न्यूम कुरैशी, जितेंद्र सैनी, बजरंग शर्मा, पार्षद मुस्ताक प्रधान, पार्षद जहीर अहमद, सदीक गुरुजी, यासीन खां पीटीआई, तुलसीराम शर्मा सहित अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आयोजित संगोष्ठी में पधारने के लिए गोपाल शर्मा भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** मूलवासी आदिवासी मीणा समाज संस्था मत्स्य क्षेत्र राजस्थान की ओर से यहां अंबेडकर भवन में विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्ष उल्लास से मनाया गया।संस्था के प्रधान सलाहकार एडवोकेट प्यारेलाल मीणा ने बताया कि आदिवासी मीणा समाज की अपनी विशिष्ट संस्कृति परंपरा ऐतिहासिक धरोहर है जिसे सुरक्षित करने की जरूरत है उन्होंने एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान का नारा बुलंद करते हुए सभी मीना सरदारों को संगठित रहने का संदेश दिया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार मीणा ओएस शिक्षा विभाग ने समाज को बालिका शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता बताई । मनोज कुमार मीणा वरिष्ठ अध्यापक ने अपने संबोधन में आदिवासी परंपरा के अनुसार पर्यावरण को सुरक्षित करने की दिशा में रुचि रखते हुए एक व्यक्ति को 10 पेड़ लगाने का संदेश दिया । इस अवसर पर संस्था के जिला अध्यक्ष रामकरण मीणा ने कहा कि सभी आदिवासी बंधुओं को आज के दिन अपने-अपने घर पर मिठाई खिलाकर बच्चों को पूर्वजों के गौरवपूर्ण इतिहास से रूबरू करवाने का आव्हान किया तथा आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का संदेश दिया। एडवोकेट विनोद कुमार मीणा ने आदिवासी दिवस के बारे में विस्तार से बताया ताराचंद मीणा तहसील प्रमुख ने अपने विचार प्रस्तुत किए दृष्टि मीणा ने आदिवासी दिवस पर विशेष प्रकाश डाला कार्यक्रम में एडवोकेट ईश्वर मीणा , दिनेश मीणा , लोकेश मीणा, दिव्यांशु मीणा अविनेश मीणा नैतिक मीणा संदीप मीणा, प्रियांशु मीणा, गौरव मीणा, मुकेश मीणा, रामचंद्र रोहलन अध्यापक विमलेश रोहलन पंकज रोहलन छोटेलाल आलडिया मोनिका मीणा, दृष्टि मीणा, वर्षा रोहलन युक्ति रोहलन समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट ईश्वर प्रसाद मीणा ने किया।

### पूर्व सासंद कस्वां का जन्म दिन मनाया

**तारानगर।** तारानगर के जाट विकास भवन में रविवार को राजस्थान के कद्दावर नेता पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां का केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा कस्वां के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर निर्मल प्रजापत, पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां, जाट महासभा तारानगर के अध्यक्ष हरीसिंह बेनीवाल, पृथ्वीराज बेनीवाल, कर्नल रामकुमार कस्वां, गोपीराम भांभू, कैप्टेन मदन कालेर, जीताराम जांदू, रामकिशन कुलड़िया, रमेश कस्वां, राजेन्द्र भाकर, मंगल महला, जगदीश कस्वां ,भगत भाकर, विजय बेनीवाल, महासिंह कस्वां, बलबीर मुहाल, चंदन डोटासरा, ऊमराव सहारण, प्रताप मेघवाल, कृष्ण कस्वां, प्रेम कुलड़िया, जीतू तेतरवाल, शिशपाल धिंधवाल, देवकरण कस्वां, भोजराज महला, रामजीलाल कुलड़िया, अविनाश गोदारा, शिवपाल फगेड़िया, अनिल कस्वां, रामस्वरूप झाझड़िया, बजरंग सिहाग, हेमराज मोठसरा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

### अरशद खान का किया अभिनंदन

**चूरू।** जिला मुख्यालय स्थित उस्मानाबाद कॉलोनी में नव ज्ञान ज्योति सी. सै. स्कूल में रविवार को निदेशक अरशद खान का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर बेहतरीन स्कूल संचालन करने पर दिल्ली में नेशनल स्कूल अवार्ड से डायरेक्टर अरशद खान को सम्मानित किया गया। एसीएमएचओ डॉ. एहसान गौरी के मुख्य आतिथ्य में हुये समारोह में अरशद खान का माल्यार्पण कर व अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाफर खान ने कहा कि यह चूरू जिले के लिये खुशी की बात है, कि एक संस्थान को इतनी बड़ी सफलता मिली है और ऐसी सफलता से अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस दौरान यूसुफ गौरी, डॉ. शाहनवाज खान, डॉ. अख्तर खान, अध्यापक आवेश कुरैशी, अध्यापक अजीज खान, अध्यापक सतार खान, महबूब खान, सुलेमान मनिहार, नौशाद खान, मो. हुसैन खान, रेहान खान, मोनीश खान, अमन खान आदि उपस्थित थे।

### सम्मान समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय यालसर में शुक्रवार को कक्षा 10 व 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 का विद्यार्थियों का सम्मान समारोह व मदनलाल प्रधानाचार्य पद पर व गुमान सिंह वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक पद पर विभागीय पदोन्नित हासिल करने पर सम्मानित कर विदाई समारोह आयोजित किया गया।आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा, आरपी सुरेश भास्कर पीईईओ अरविंद भास्कर लालसी, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बऊ ,शीशपाल यलसर, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र गढ़वाल, एसडीएमसी सदस्य यालसर, ठाामवासी , स्टाफ सदस्य व बच्चे उपस्थित रहे ।पदोन्नित प्राप्त करने वाले मदनलाल प्रधानाचार्य ने 17 हजार रुपए का एक प्रिंटर विद्यालय को भेंट किया गया।

# तिरंगा हर व्यक्ति की आन बान शान का प्रतीक है : अजीत

**झुंझुनूं।** देशभर में चलाए जा रहे भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर मंडल भाजपा की एक बैठक छिपियों की ढाणी स्थित नामदेव मंदिर परिसर में नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री अजीत मांडल ने कहा कि तिरंगा हर व्यक्ति की आन, बान व शान का प्रतीक है।



हर घर तिरंगा अभियान को लेकर नगर मंडल की बैठक संपन्न हुई।

विभाजन विभीषिका का दंश आज भी लोग झेल रहे हैं, उस समय की घटनाओं को याद करके लोग आज भी सिहर उठते हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने भारत की शक्ति को देखा है। भारतीय सेना ने मात्र 22 मिनट में ही पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी अड्डों को नेश्ता नाबूत कर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित वापस लौट कर सम्पूर्ण विश्व को भारत की क्षमता का लोहा मनवाया। हर घर अभियान के जिला संयोजक सुनिल लांबा ने अभियान की प्रस्तावना रखी।

कार्यक्रम मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़ ने कहा कि झुंझुनूं वीरों और शहीदों का जिला है। हर घर तिरंगा लगाकर भाजपा कार्यकर्ता आजादी के जश्न को मनाए। नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने आगामी 14 अगस्त को शहीद इंद्र सिंह स्मारक से शहीद स्मारक तक निकाली जाने वाली तिरंगा रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी।

कार्यक्रम जिला सह संयोजक जयसिंह मांठ, विधानसभा संयोजक भूपेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। धन्यवाद युवा नेता मुरारी सैनी ने दिया। प्रदेश मंत्री अजीत मांडल का नगर महामंत्री रवि लांबा एवं सोश मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला ने पार्टी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी अरुणा सिहाग, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश सहल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मंजू चौहान, जिला उपाध्यक्ष ममता शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, उमाशंकर महमिया, रामगोपाल महमिया, नगर महामंत्री दिलीप सैनी, नगर उपाध्यक्ष ताराचंद सैनी, जगदीश गोस्वामी, रामनिवास सैनी, विकास पुरोहित, महेंद्र सोनी, अनिल जोशी, राजू मराठा, द्वारकाप्रसाद सैनी, लीलाधर पुरोहित, विनोद चौहान, श्रीराम सैनी, ख्यालीराम कुमावत, पार्षद विजय कुमार सैनी, संजय पारीक, दयाराम सैनी, खलील सिलावट, मुकेश सैनी, विनोद खन्ना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजलदेसर में ज्ञानशाला दिवस मनाया, रैली निकाली

**राजलदेसर।** राजलदेसर में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन साध्वी मानकुमारी के पावन सान्निध्य में ज्ञानशाला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नमस्कार महामंत्रोच्चारण से हुआ तत्पश्चात ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाओं एवं ज्ञानार्थियों ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया।



तेरापंथ भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

इस अवसर पर शासन साध्वी मानकुमारी ने अभिभावकों को जागृत करते हुए फरमाया कि माता-पिता बच्चों को प्यार दें, उपहार दें पर प्यार और उपहार के साथ संस्कार जरुर दें। ज्ञानशाला में नियमित रूप से बच्चों को भेजें ताकि उनमें धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण हो। ज्ञानशाला आचार्य तुलसी की अपूर्व देन है। ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाएं व तेरापंथ सभा के सहयोग से ज्ञानशाला आगे बढ़ती रहे। ज्ञानशाला की प्रशिक्षिकाओं हेमलता घोषल, मोनिका बैद, निर्मला जैन एवं हेमलता बैद का श्रम बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर ज्ञानशाला के बच्चों ने ज्ञानशाला क्यों भेजें नाटिका एवं कठपुतली का मंचन किया जो सभी में नई प्रेरणा भरने वाली थी। प्रशिक्षिकाओं द्वारा संवाद नाटक के माध्यम से परिवार में संस्कारों का महत्व दर्शाया गया। ज्ञानशाला प्रभारी हेमलता घोषल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर साध्वी चैत्यप्रभा ने ज्ञानशाला क्या विषय पर विचार व्यक्त किए तथा घटनाओं के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। राजकारण विनायकीय, विमल छलानी, मुकेश श्रीमाल, नोरतनमल बैद , करण गिडिया, संजय बैद आभार ज्ञापन प्रशिक्षिका मोनिका बैद ने किया तथा कार्यक्रम का कुशल संयोजन ज्ञानशाला प्रशिक्षिका निर्मला जैन ने किया। समारोह से पूर्व एक रैली निकाली गई जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए तेरापंथ भवन पहुंची। रैली में सभा, महिला मंडल, युवक परिषद मुकेश श्रीमाल, कन्या मंडल एवं किशोर मंडल की भागीदारी रही।

### बैठक आयोजित

**तारानगर।** भाजपा कार्यालय में तारानगर शहर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अनुप खंडेलवाल की अध्यक्षता व जिला सयोंजक भास्कर शर्मा के मुख्यतिथ्य में कस्बे के भाजपा कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान व विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस की कार्यशाला की बैठक आयोजित हुई संपन्न हुई जिसमें पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगीड़, विधानसभा संयोजक अजीतसिंह राठौड़, जमरदीन तेली, कैप्टन कल्याणसिंह, मातुसिंह राठौड़, एडवोकेट अनुप खंडेलवाल आदि वक्ताओं ने भारत व पाकिस्तान के विभाजन के समय हुए नरसंहार व विभाजन की त्रासदी में प्रभावित हुए लोगों को याद किया व विभाजन की घटना को स्मृति दिवस में मनाने का निर्णय लिया जिसके तहत 10 अगस्त से 14 अगस्त तक मंडल स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जायेगा और 14 अगस्त को तारानगर शहर में मण्डल स्तर पर होने वाली तिरंगा यात्रा के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम में जयपाल सिंह, विशाल शर्मा, हरि इंदौरिया, चुन्नीलाल सैनी, सुशील सरावगी, साबीर हुसैन, अशोक जांगिड़, मोहम्मद समीर, शिव कुमार शर्मा, लीलाधर प्रजापत, सुभाष सहारण, सुनील भाकर आदि मौजूद रहे।

### कुंड में फिसलने से एक की मौत

**सादुलपुर।** भामासी गांव की रोही में बने पानी के कुण्ड में पैर फिसलकर गिर जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मृतक के पुत्र मुकेश ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि ०9 अगस्तको वह, ओर उसके पिता समुन्द्र सिंह(55) और उसकी माँ खेत में मूंग की फसल पर कीटनाशक दवा का छिडकाव कर रहे थे। शाम करीब 6.30बजे उसके पिता खेत में बने पानी के कुंड से पानी निकालने के लिए गए। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वे कुंड में गिर पडे। घटना के बाद मुकेश ने शोर मचाकर परिवार व खेत के आसपास मौजूद लोगों को बुलाया।

# शहीद की प्रतिमा को राखी बांधकर भावुक हुई बहन

**झुंझुनूं।** ढिगाल गांव के शहीद नायब सुबेदार नत्थू सिंह बिशू के शहीद स्मारक पर प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी रक्षाबंधन पर बहन भगवती देवी महला ने अपने शहीद बड़े भाई के रक्षाबंधन पर कलाई पर बांधा रक्षासूत्र तो आंसू छलक गए।

विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध स्थल जम्मू-कश्मीर स्थित सियाचिन में 21 फरवरी, 1991 को ऑपरेशन मेघदूत में नवलगढ़ के ढिगाल गांव के चौधरी घड़सीराम बिशू और तुलसी देवी बिशू के सबसे बड़े बेटे नायब सुबेदार नत्थू सिंह बिशू ने दुश्मन पाकिस्तान से लड़ाई में अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए अपनी शहादत दी। उस समय शहीद की देह को शहीद की जन्मभूमि पर लाने की आज जैसी व्यवस्था नहीं थी।

शहादत के कुछ दिन बाद होली के दिन एक फौजी शाम के समय ढिगाल शहीद के घर आकर शहीद के कपड़े और सामान मौजिज लोगों को सौंपकर शहादत का समाचार दिया तो होली के हर्षोल्लास की तैयारियां दुख में बदल गई और होली के बनाए हुए चावल भी फेंकने पड़े।

उस दिन को याद करके आज भी शहीद की बहन भागोती देवी महला और शहीद की बेटी सुनिता दड़िया होली पर्व पर हर वर्ष भावुक हो जाती हैं।

2018 में स्थापित शहीद के प्रतिमा स्थल पर प्रतिवर्ष घीसा की ढाणी डूमरा से चलकर शहीद की सबसे छोटी बहिन भागोती देवी महला बीमार होने के उपरांत भी रक्षाबंधन पर जरूर अपने शहीद भाई के राखी बांधने आती है। शहीद पुत्री सुनिता दड़िया, रोशन सिंह तथा हेतराम बिशू, पोकरमल महला, पराग बिशू, सुमन चाहर, एकता एवं अन्य परिवार जन और ठाामीण उपस्थित रहे।

# एक छत के नीचे लगी छह शहीद प्रतिमाओं को बांधे रक्षासूत्र

**गुढ़ागौड़जी।** पोसाणा गांव के शहीद स्मारक पर भाई-बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन पर सर्वाधिक शहीद देने वाले झुंझुनूं जिले के बहनों ने शहीद प्रतिमाओं को राखी बांधकर परंपरा का निर्वहन किया। शनिवार को क्षेत्र के पोसाना गांव में एक स्थान पर लगी छह शहीदों की प्रतिमाओं पर सुबह परिवार के साथ राखी बांधने पहुंची बहनों ने शहीद प्रतिमाओं की कलाई पर राखी बांधी।

इस दौरान उनकी आंखें छलक आई। पोसाना बस स्टैंड पर बने अमर शहीद स्मारक में शहीद सेडूराम मेचू की बहन श्रवणी व पोती सोनू, शहीद जोधाराम महला बेटी सिंगारी देवी, शहीद बोहितराम ढेवा, शहीद बालाराम खैरवा की बहन महताब देवी, पौत्री हिमानी, संतरा, शहीद धर्मपाल सिंह ढेवा की बहन सजना पुत्री सरोज, सुनिता, शहीद रोहिताश्व की बहन बबिता, अनिता ने राखी बांधी। तो वहां मौजूदा सभी लोगों की आंखें भी नम हो गई। इन बहन का कहना था कि उनके भाई ने देश रक्षा के लिए और करोड़ों बहनों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उनका भाई अमर है। उनके लिए आज भी जिंदा है और वह हमेशा ही जिंदा रहेंगे। इसलिए वे हर राखी पर उन्हें राखी बांधकर याद करती है। इस दौरान कैप्टन प्रधान खैरवा, सामाजिक कार्यकर्ता अंकेश पोसाना, अध्यापक सुभाष ढेवा, ताराचंद ढेवा, दयाराम खैरवा, मोहनराम, चंदगीराम महला, सांवरमल, मोतीराम, सुरेश बाकरा, श्रीचंद, सुरेश ओला, मूंगाराम, कपिल, सहीराम, सुरेश चतरावला, उमराव सिंह सहित शहीद परिवार व ठाामीण मौजूद रहे।



पोसाणा गांव के शहीद स्मारक पर रक्षाबंधन पर बहनों ने शहीद प्रतिमाओं को राखी बांधी।

## सार-समाचार

### सफाई अभियान चलाया

**रतनगढ़।** रतनगढ़ में सरदारशहर की ओर जाने वाली पुरानी रेलवे लाइन के किनारे उगे झाड़-किंकर की सफाई शुरू की गई है। वार्ड संख्या 28 के पार्षद नंदकिशोर भार्गव के नेतृत्व एवं रेल कर्मचारी की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें जेसीबी की मदद से झाड़-किंकर को काटा गया है। पिछले कई दिनों से इस इलाके में घने किंकर व घास थी, जिससे कारण गंदगी का आलम बना हुआ था। साथ ही स्तनधारी जीव जंतुओं का खतरा भी मंडरा रहा था। इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों ने पार्षद नंदकिशोर भार्गव उक्त समस्या बयां की, जिस पर उन्होंने रेलवे से संपर्क कर सफाई के लिए अनुमति मांगी। अनुमति मिलते ही उन्होंने नगरपालिका स्तर पर जेसीबी लगवाकर पूरे क्षेत्र की सफाई करवाई है।

### भजन संध्या का आयोजन

**रतनगढ़।** रेलवे स्टेशन के पास स्थित महामंगलेश्वर शिवालय में श्रावण माह के समापन पर शनिवार की रात धार्मिक आयोजन हुए। सुबह से ही शिवालय में श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया। रूद्राभिषेक तथा शाम को भगवान शंकर का श्रृंगार कर सामुहिक आरती का आयोजन हुआ। आरती के पश्चात भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। गायक कलाकार अरविंद इंदौरिया की गणेश वंदना से शुरू हुई भजन संध्या में गायक कलाकार छोगसिंह, संतोष राजस्थानी, श्याम नागौरी की टीम ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। पंडित लीलाधर चौमाल, विकास चौमाल,ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। देर रात तक चले आयोजन में एडवोकेट बजरंग गुर्जर, पार्षद नंदकिशोर भार्गव, पंकज हर्षवाल,ललित,दयाल सिंधी, शंकर,विजयकुमार कोका, राधाकृष्ण सुईवाल, राजकुमार सैनी, कैलाश सैनी, अशोक दर्जी, संदीप विकास चौमाल, जुगलकिशोर चौमाल, गोपीकिशन चौमाल, लीलाधर दर्जी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मास्टर प्लान 2041 के विरोध में सभा

**सीकर।** सीकर में मास्टर प्लान 2041 के विरोध में आज कृषि उपज मंडी में सभा हुई। संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित इस सभा में पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सीकर सांसद अमराराम,सीकर विधायक राजेंद्र पारीक सहित कई जनप्रतिनिधि और लोग शामिल हुए। सभा में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि मास्टर प्लान 2041 के विरोध में सीकर 16 अगस्त को बंद रखा जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि मैं तो एक किसान का,मास्टर का बेटा हूं मुझ पर बहुत आरोप लगे हैं। कोई छोटे-मोटे आरोप नहीं लगे हैं। बेटे को नौकरी दिला दी,बहू को नौकरी दिला दी,पेपर लीक किए। ईडी आई और इनकम टैक्स भी आई,क्या पूंछ उपाड़ लिया गोविंद सिंह डोटासरा का। मैं कहना चाहता हूं चाहे पेपर माफिया हो, चाहे कोई दूसरे माफिया हो जिसने बेईमानी की है। अगर तुम्हारा गुरुपीर सच्चा है,तुम में दम है और ताकत है तो उसको सलाखों के पीछे करो।डोटासरा ने कहा कि 2031 का मास्टर प्लान हमारे यहां पर लागू है तो फिर 2041 का मास्टर प्लान क्यों होना चाहिए। डोटासरा ने कहा कि सभी साथ मिलकर मास्टर प्लान के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे तो जीत की संभावना बढ़ेगी। लेकिन यह कहना कि डोटासरा ने यह कर दिया,अमराराम ने यह कर दिया,पारीक ने यह कर दिया कहना गलत है। आरोप कोई भी लगा सकता है। लेकिन जब कोई एक अंगुली दूसरे की तरफ करते हैं तो तीन अंगुली खुद की तरफ होती है। 2 साल से हम मीडिया में सुन रहे हैं कि पेपर माफिया और मगरमच्छों को जेल में करेंगे। करो ना कौन मना कर रहा है। डोटासरा ने कहा कि मैं दिल्ली में भी कहता हूं और यहां भी कॉलर ऊंची करके कहता हूं जिंदगी में कभी 1 रुपए की बेईमानी नहीं की। जिस दिन 1 रुपए की भी बेईमानी साबित हो जाती है तो राजनीति की बात करना छोड़ दूँगा। डोटासरा ने कहा कि मास्टर प्लान के खिलाफ इस लड़ाई में हम सभी साथ हैं। जब भी संघर्ष समिति को कांठोस पार्टी और गोविंद सिंह डोटासरा की आवश्यकता हो तो सब कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े हैं।

### तिरंगा रैली निकाली

**पाटन।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं स्वायत शासन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर नगरपालिका नीमकाथाना द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत देशप्रेम एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिये शहर के सार्वजनिक स्थान, सरकारी भवनों, स्कूल की दीवारों पर पेंटिंग और पर्यावरण अनुकूल होर्डिंग के साथ शहर को तिरंगे के रंग में रंगा जा रहा हैं। शहर के लोगो को स्वच्छता का संदेश देते हुए महिलाओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गयी। रैली में तिरंगा लहराते हुए देशप्रेम के साथ ही स्वच्छता के प्रति अपना योगदान देने का संदेश के साथ ही हर घर स्वच्छता, गीला और सूखा कचरा अलग करने, आस पड़ोस को स्वच्छ रखने के प्रति लोगो को जागरूकता का संदेश दिया। पालिका विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों के माध्यम से शहर को स्वच्छ बनाने के प्रति जागरूकता की जा रही हैं। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर निकाय स्तर पर शहर को स्वच्छ रखने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के एमआईएस अभियंता ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के विशेष अभियान की जानकारी देकर बताया की पालिका द्वारा समय समय पर निदेशालय के निर्देशानुसार जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम एवं स्वच्छता गतिविधियां की जा रही हैं।

### स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

**पाटन।** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी मीना सेवा समिति, पाटन द्वारा भव्य प्रतिभा सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रविवार को पाटन कोटपूतली रोड स्थित मदन मोहन मैरिज गार्डन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सुवालाल मीणा ने की।समारोह की शुरुआत समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात मंच से वक्ताओं ने समाज के युवाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि समाज की उन्नित के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। विशेष रूप से बेटियों की उच्च शिक्षा पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि ''यदि बेटी शिक्षित होगी, तो दो परिवारों को शिक्षित करेगी।'' साथ ही आदिवासी संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए सजग और संगठित रहने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2022 से 2025 तक कक्षा 10वीं व 12वीं में 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, में चयनित विद्यार्थियों, विभिन्न राजकीय सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, भामाशाहों और समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 107 विशिष्ट जनों को माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### रक्षाबंधन पर सौंपी पासबुक

**झुंझुनूं।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनू ने रक्षाबंधन के अवसर पर 11 कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाए। झुंझुनूं प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनूं ने रक्षाबंधन के अवसर पर पिछले पांच सालों से एक सराहनीय पहल की है। ट्रस्ट ने 11 कन्याओं के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाते खुलवाए और प्रत्येक खाते में 250 रूपए की राशि डलवाई है। उन्होंने बताया कि यह भाई-बहन के आपसी प्रेम, संबंध और संरक्षा को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। आपके द्वारा बताए गए कार्यक्रम के अनुसार, रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर लोक सेवा ज्ञान मंदिर कार्यालय, फेमीयश ई मित्र सेवा केंद्र पुराने पोस्ट ऑफिस के पास झुंझुनू में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना, यह एक सरकारी बचत योजना है जिसका उद्देश्य बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए निवेश करना है। आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ट्रस्ट ने 11 कन्याओं के खाते खुलवाकर उनके शिक्षा और विकास के लिए एक सकारात्मक कदम उठाया है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सदस्यों ने इन कन्याओं से राखी बंधवा कर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें मिठाई, चॉकलेट और सुकन्या खाते की पासबुक भेंट की गईं। इस मौके पर ग्यारसीदेवी, वीना राणी, समीर गनोलिया, कौशल्या, पूनम कुमावत, निशा कुमावत, सुमित पांडे आदि लोग मौजूद थे। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट झुंझुनू के प्रभारी मनोज कुमार गनोलिया ने बताया कि यह कार्यक्रम रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर आयोजित किया गया था।

### अंडर 23 कुश्ती टीम का चयन 12 को

**चूरू।** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चूरू जिले की अंडर 23 कुश्ती टीम का चयन 12 अगस्त को बास ढाकान के शास्त्री पब्लिक स्कूल में होगा। स्कूल संचालक व कोच देवेंद्र लाम्बा ने बताया कि 12 अगस्त को प्रात: 11 बजे से टीम के चयन हेतु ट्रायल होगा। लाम्बा ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपना आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साथ लेकर आएं।